होली से पहले मिलावटखोरों पर बड़ा एक्शन, नकली खोए और पनीर की सप्लाई का था आरोप

नई दिल्ली: रंगों के त्योहार होली से पहले देश के विभिन्न इलाकों में मिलावटखोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शहर-शहर नकली मावे, पनीर और खोए की सप्लाई की जा रही है और प्रशासन इन मिलावटखोरों को लगातार पकड़ रहा है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश में फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने बुलंदशहर से लेकर कानपुर और औरैया तक सेहत के दुश्मनों पर एक्शन लिया है। कहीं सस्पेक्टेड पनीर के सैंपल कलेक्ट किए गए हैं तो कहीं खराब रख-रखाव के कारण खोए की खेप जब्त की गई है।

अफसरों ने मिलावट के शक में पनीर के नमूने लिए

आपके घरों में नकली मावा से बनी मिठाइयां न पहुंच जाएं इसे लेकर प्रशासन मुस्तैद है। यही वजह है कि बुलंदशहर से लेकर कानपुर और औरैया तक सेहत के दुश्मनों पर यूपी सरकार के फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट का एक्शन हुआ है। सेहत के दुश्मनों पर सबसे बड़ा एक्शन बुलंदशहर में हुआ जहां खुर्जा के सौंदा हबीबपुर में फूड सेफ्टी विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई की। पनीर प्लांट पर छापेमारी के बाद वहां से करीब 2.5 क्विंटल पनीर जब्त किया गया। फूड सेफ्टी विभाग के अफसरों ने मिलावट के शक में पनीर के नमूने लिए हैं।

कानपुर में 13 क्विंटल मावा जब्त किया गया

वहीं, कानुपर में फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने कथित तौर पर नकली मावे की खेप जब्त की है। कानपुर के रेलबाजार के पास हुए एक्शन में खाद्य विभाग की टीम ने 13 क्विंटल मावा जब्त किया। विभाग को इस प्लांट में अनहाइजेनिक तरीके से मावा रखा मिला था, और साथ ही इसके मिलावटी होने का भी शक है। यहां विभाग को सूचना मिली थी कि होली पर खपाने के लिए मावा की खेप इटावा से कानपुर मंडी में बिकने आ रही है जिसके बाद टीम ने एक्शन लिया। कानपुर खाद्य विभाग ने पकड़े गए मावे के 8 सैंपल एकत्र किए।

Source: https://www.indiatv.in/uttar-pradesh/big-action-against-adulterators-before-holi-in-uttar-pradesh-accused-of-supplying-fake-khoya-and-cheese-2025-03-13-1119816